मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
वर्ष : 44 | अंक : 66 | रविवार 17 मई 2026 | 3 रुपए | पृष्ठ 4
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

रणबीर कपूर ने अयोध्या में 3.31 करोड़ की जमीन खरीदी

उल्हासनगर में दिल दहला देने वाली घटना

## महिला के बाल काटकर चप्पलों को हार पहनाया



- सेंट्रल पुलिस में मामला दर्ज
- पूरे परिवार से दुर्व्यवहार
- पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से गुस्साए आरोपी

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-3 के हड़कामाता इलाके में एक महिला और उसके परिवार के साथ अमानवीय व्यवहार की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। सेंट्रल पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने से गुस्साए आरोपियों ने महिला पर हमला किया और कथित तौर पर उसका दुपट्टा उतार दिया, उसके बाल काट दिए और उसे चप्पलों का हार पहनाकर इलाके में घुमाया। इस पूरी घटना से इलाके में तनाव का माहौल बन गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता कांता प्रेम राजपूत अपनी बहन गीता राजपूत और बेटी अंजलि के साथ शिकायत दर्ज कराने पुलिस स्टेशन जा रही थीं। उस समय सुबह करीब 10 बजे आरोपियों ने उन्हें हड़कामाता चौक की गली में रोक लिया। आरोप है कि नितिन थोरात ने लकड़ी के डंडे से महिला के सिर पर हमला किया, जबकि दूसरे आरोपियों ने उसे डंडों से पीटा। शिकायत के मुताबिक, आरोपियों ने महिला के बाल काट दिए और उसके गले में चप्पलों का हार डालकर उसे बेइज्जत किया। इतना ही नहीं, कुछ युवक पूरी घटना को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड भी कर रहे थे। यह भी कहा जा रहा है कि महिला को कथित तौर पर कपड़े उतारकर इलाके में घुमाया गया। इस घटना के दौरान, शिकायत करने वाली की बहन गीता राजपूत और बेटी अंजलि को भी पीटा गया और घायल कर दिया गया।

यह भी कहा जा रहा है कि आरोपियों ने उसे जान से मारने और पुलिस में शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पूरी घटना इलाके में लगे CCTV कैमरों में कैद हो गई और वीडियो सामने आने के बाद इलाके में गुस्से की लहर दौड़ गई है। इस मामले में सेंट्रल पुलिस ने जूली वाघरी, वीनू वाघरी, पप्पी वाघरी, नितिन थोरात, रोहित वाघरी, सोनू उर्फ बालू वाघरी, महेश वाघरी और दूसरे आरोपियों के खिलाफ इंडियन पीनल कोड 2023 के तहत केस दर्ज किया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा-शिवसेना युति में युद्ध कायम

## BJP पार्षदों ने किया बायकॉट

## उल्हासनगर मनपा की आम सभा में महायुति में अनबन

- उल्हासनगर मनपा आम सभा में शिवसेना की मनमानी- भाजपा
- पिछली दो आम सभा में भाजपा को विश्वास में न लेते शिवसेना ने लिए फैसले
- उपमहापौर सहित सभी भाजपा नगरसेवकों ने सभा त्याग की
- शिवसेना युति का पालन नहीं कर रही- राजेश वधरिया
- असली शिवसैनिकों से दिक्कत नहीं- भाजपा



**उल्हासनगर.** शुक्रवार को उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की जनरल मीटिंग में राजनीतिक माहौल गरमा गया। सभी BJP पार्षदों ने मीटिंग का बायकॉट किया और हॉल से बाहर चले गए।

BJP को भरोसे में लिए बिना कई अहम फैसले लिए गए। इसमें कांग्रेस नेता को विपक्ष का नेता चुनने का मुद्दा भी शामिल है। इसी विरोध के चलते BJP पार्षदों ने मीटिंग से बाहर निकलने का फैसला किया। BJP पार्षदों के मीटिंग से चले जाने के बाद सिर्फ शिवसेना (शिंदे ग्रुप) के पार्षदों ने मीटिंग में अपना पक्ष रखा। इस अफरा-तफरी में भी हॉकर एरिया तय करने, क्लस्टर स्कीम और झुग्गी-झोपड़ी फ्री स्कीम जैसे बड़े मुद्दों पर गरमागरम बहस हुई। मीटिंग में पर्यावरण विभाग और क्लस्टर स्कीम पर डिटेल में चर्चा हुई।

पार्षद जमनू पुरसवानी ने सुझाव दिया कि पैनल नंबर 10 में खन्ना कंपाउंड, पैनल 9 में सुभाष नगर और पैनल 2 में मुकुंद नगर और गुलशन नगर में झुग्गी-झोपड़ी मुक्त योजना के तहत क्लस्टर योजना लागू की जा सकती है। उन्होंने कहा कि शहर में पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाने, नदी की सफाई, भूजल संरक्षण और हवा को साफ करने के लिए अलग-अलग लेवल पर काम चल रहा है। 'ग्रीन यात्रा' अभियान के तहत एंटीलिया इलाके के पास 10 हजार पेड़ लगाए गए हैं। साथ ही, CSR फंड से बड़े पैमाने पर पेड़ लगाए जाएंगे। मीटिंग में कंस्ट्रक्शन के दौरान धूल को कंट्रोल करने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए कंस्ट्रक्शन मटीरियल को ढकने के मुद्दों पर भी जोर दिया गया।

शहर में बढ़ते गैर-कानूनी फेरीवालों, इससे होने वाले ट्रैफिक जाम और नागरिकों को होने वाली परेशानी का मुद्दा भी मीटिंग में उठाया गया। प्रशासन का ध्यान खींचते हुए पार्षद महेश सुखरमानी ने कहा कि शहर की कई मुख्य सड़कों और बाजारों पर फेरीवालों ने कब्जा कर लिया है। इससे सड़कें संकरी हो गई हैं और नागरिकों, दुकानदारों और ड्राइवरों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

मीटिंग में यह मांग की गई कि जिन इलाकों में फेरीवालों पर बैन है, वहां 'नो हॉकर ज़ोन' के साइन साफ-साफ लगाए जाएं। यह भी मांग की गई कि संबंधित डिपार्टमेंट गैर-कानूनी फेरीवालों के खिलाफ रेगुलर एक्शन ले, ट्रैफिक सिस्टम को बेहतर बनाए और जल्द से जल्द हॉकर ज़ोन की प्लानिंग करे।

## अरुण आशान सदन के नेता बनाए गए





- BJP के हिस्से का पद शिवसेना को मिला

**उल्हासनगर.** शिवसेना नेता आम सभा का प्रस्ताव तैयार करते समय BJP पर विचार नहीं करते और गठबंधन में उचित सम्मान नहीं दिया जाता। यह कहते हुए BJP ने विधानसभा से वॉकआउट किया. हालांकि, इसके बाद शिवसेना ने बड़ा राजनीतिक दांव चलते हुए गठबंधन के बंटवारे में BJP को मिला नेता सदन का पद शिवसेना के गुट के नेता को देकर दुविधा पैदा करने की कोशिश की।

शुक्रवार को हुई उल्हासनगर महानगरपालिका की आम सभा में बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ। आम सभा शुरू होते ही BJP नगरसेवकों ने विधानसभा से वॉकआउट किया और सत्ताधारी शिवसेना के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। BJP के गुट नेता राजेश वढारिया ने सभागृह में आरोप लगाया कि आम सभा का एजेंडा तैयार करते समय BJP को भरोसे में नहीं लिया जा रहा है। इसके बाद BJP के उप महापौर अमर लुंड समेत सभी 37 नगरसेवकों ने विधानसभा से वॉकआउट कर दिया।

महासभा में बोलते हुए राजेश वधरिया ने आरोप लगाया, मनपा के ज़रूरी मुद्दों पर चर्चा करते समय अपोज़िशन पार्टी को कॉन्फिडेंस में नहीं लिया जाता। महासभा का एजेंडा तैयार करते समय BJP के सुझावों को नज़रअंदाज़ किया जाता है। उन्होंने बताया कि BJP लीडर इसी रवैये के विरोध में असेंबली से वॉकआउट कर गए।

### 'वॉकआउट करने से मुद्दे हल नहीं होते'

BJP के वॉकआउट करने के बाद भी असेंबली की कार्रवाई जारी रही। शिवसेना के कॉर्पोरेटर्स ने अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा करके महासभा खत्म की। इस बीच, शिवसेना के सीनियर कॉर्पोरेटर राजेंद्र चौधरी ने BJP के रवैये की आलोचना की। डेमोक्रेटिक सिस्टम में, मुद्दों को चर्चा से हल किया जाना चाहिए। असेंबली से वॉकआउट करने से मुद्दे हल नहीं होते। उन्होंने अपनी राय दी कि यह बर्ताव सही नहीं है। महासभा के आखिर में महापौर अश्विनी निकम ने शिवसेना ग्रुप लीडर अरुण आशान को सभागृह नेता अनाउंस किया। अपॉइंट होने के बाद शिवसेना के कॉर्पोरेटर्स ने खुशी जताई और उन्हें बधाई दी।

## डंपर की चपेट में आने बाइक सवार दो की मौत

**भिवंडी.** अंबाडी इलाके में निर्माणाधीन मुंबई-वडोदरा राजमार्ग पर एक मोटरसाइकिल के डंपर ट्रक से टकरा जाने से दो लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. बताया गया कि यह दुर्घटना राजमार्ग के मोहिली-दुगड़ खंड के पास उस समय हुई, जब सड़क पर निर्माण कार्य जारी था. मृतकों की पहचान जीशान अंसारी (20) और इमरान अंसारी (25) के रूप में हुई है. दोनों युवक वॉलपेपर लगाने का काम करते थे. दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अंबाडी क्षेत्र में काम से लौट रहे थे कि तभी उनकी बाइक निर्माण कार्य में लगे एक डंपर ट्रक से टकरा गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है.

## अंबरनाथ नपा सभागृह में कोई विरोधी रहा ही नहीं

- 'तू भी खा, मैं भी खाता हूं' का चलन भी जोर पकड़ेन के आसार



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद सभागृह में अब कोई भी विरोधी पक्ष का नगरसेवक रहा ही नहीं है. शहर में भाजपा के 14 नगरसेवक के साथ उनका नगराध्यक्ष है. उनके साथ कांग्रेस के 12 नगरसेवक हैं, जो भाजपा में शामिल हो गए हैं. शिवसेना के 27 नगरसेवकों के साथ राकांपा के 4 नगरसेवकों का गठबंधन है. अब चार महिने बाद भाजपा-शिवसेना में गठबंधन हो गया है, तो सभागृह में विरोधक बचे ही नहीं हैं. शहर में इस बात की चर्चा है कि ये गठबंधन शहर विकास के लिए अच्छा कदम है, लेकिन विरोधक भी होना जरूरी है. नहीं तो शहर विकास के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार हो सकता है. मैं भी खाता हूं, तू भी खा. अब तेजी से होगा क्योंकि किसी को बोलने वाला एवं आवाज उठाने कोई रह ही नहीं गया है. अंबरनाथ में कांग्रेस के 12 नगरसेवकों एवं शहराध्यक्ष का भाजपा में प्रवेश से शहर में कांग्रेस का केवल कार्यालय और कुछ कार्यकर्ता शेष बच गए हैं. मनसे पक्ष की भी यहां स्थिति है. मनसे के सभी पूर्व नगरसेवक शिवसेना में चले जाने से केवल शैलेश शिर्के और उनके कुछ साथी अब मनसे पक्ष में रह गए हैं, जो कि डेरिंग से भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते रहते हैं, लेकिन सभागृह में उनका एवं शिवसेना उबाठा का एक भी नगरसेवक नहीं है. ये शहर के लिए बड़ी ही चिंताजनक बात है कि अब अंबरनाथ नगर परिषद सभागृह में भाजपा-शिवसेना गठबंधन के बाद कोई विरोधक पक्ष का नगरसेवक रहा ही नहीं.

## बच्चों से चोरी करवाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

- दो आरोपी गिरफ्तार

**कल्याण.** पश्चिम के महात्मा फुले चौक पुलिस ने बच्चों से चोरी करवाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी के कई मामलों का खुलासा किया है। एसीपी अशोक होनमाने के अनुसार 8 मई 2026 को शिकायतकर्ता आरती राजाराम ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके बच्चों के स्कूल बैग से सोने की चेन चोरी हो गई थी। इस मामले में महात्मा फुले चौक पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी केवलस विठ्ठल भालेराव (उम्र 39 वर्ष) को 13 मई 2026 को मोहने, अंबिवली से गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि वह दो नाबालिग बच्चों को चोरी के लिए उकसाता था और उनसे स्कूल बैग तथा अन्य जगहों से सोने की चेन चोरी करवाता था। आरोपी बच्चों द्वारा चोरी की गई चेन खुद बेचता था और उसकी रकम अपने पास रखता था। जांच में यह भी सामने आया कि वह पहले भी ऐसे कई अपराधों में शामिल रहा है। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक अन्य आरोपी जीवन यादव (उम्र 40 वर्ष) को भी गिरफ्तार किया है, जो चोरी का सोना खरीदने और बेचने के काम में शामिल था। पुलिस जांच में कुल 8 मामलों का खुलासा हुआ है। इनमें 7 मंगलसूत्र, 2 चेन और 3 अंगूठियां सहित कुल 21 लाख 60 हजार रुपये के सोने के आभूषण जब्त किए गए हैं। कल्याण के डीसीपी अतुल झेंडे और एसीपी अशोक होनमाने के मार्गदर्शन में महात्मा फुले चौक पुलिस थाने की टीम ने कार्रवाई की।

## दो कथित पत्रकारों के खिलाफ अपराध दर्ज

- सुबह 4 बजे टेम्पो रोककर कहा टेम्पो में गो मांस है
- चालक को मारा भी

**अंबरनाथ.** उल्हासनगर और अंबरनाथ के दो कथित पत्रकार (एक महिला और एक पुरुष) ने तड़के 4 बजे अंबरनाथ पूर्व में एक टेम्पो को रुकाकर उसे ब्लैकमेल करने के लिए कहा कि वह टेम्पो में गोमांस लेकर जा रहा है. जबकि टेम्पो में ऐसा कुछ भी नहीं था. टेम्पो चालक हरिश वासु (25) ने शिवाजी नगर पुलिस में संजय रामप्रसाद सिंह (31) निवासी दुर्गापाड़ा और स्मिता एकनाथ पवार (44) मानेरा गांव उल्हासनगर-4 के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है.

14 मई गुरुवार सुबह 4 बजे के घटना है. हरिश अपना टेम्पो (क्र. एमएच 05 डीके 5386) लेकर रिलायंस मॉल शहर पूर्व में माल का आर्डर लेने के लिए जा रहा था. दोनों आरोपियों ने उसका पीछा करते हुए रास्ते पर गाड़ी रोककर कहा कि - तू तेरी गाड़ी में गोमांस लेकर जा रहा है. ऐसा बोलकर कहा कि मैं पुलिसवाला हूं और मेरे साथ जो मैडम है, ये पत्रकार है. तेरी गाड़ी में क्या है, हमको चेक करने का है.

चालक ने कहा कि गाड़ी में कुछ भी नहीं है. ये कहने पर भी संजय सिंह ने उसा मां पर गाली देकर कहा कि गाड़ी खोलकर बता नहीं तो मार खायेगा, मैं भी पत्रकार हूं, तेरे को मालूम नहीं पत्रकार का पावर क्या होता है. ऐसा दमदाटी करके गालीगलौज करते हुए उसके साथ मारपीट भी किया. पुलिस ने दोनों कथित पत्रकार के खिलाफ भा.न.सं. की धारा 126 (2) 204, 115 (2) 352, 351 (2) 3 (5) के अनुसार अपराध दर्ज कर लिया है. मामले की जांच स.पो.नि. मच्छिंद्र कोल्हे कर रहे हैं.

## अंबरनाथ-बदलापुर में जलवाहिनी टूटी

- अंबरनाथ का पानी बंद



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ और बदलापुर में कुछ ही घंटे के अंतर में अंबरनाथ को जलापूर्ति करने वाली बड़ी पाइपलाइन के फट जाने से लाखों लीटर पानी बह गया. साथ ही ये प्रश्न भी उठाए जा रहे हैं कि ये पाइप लाइन बार-बार टूट क्यों रही है? जबकि जलापूर्ति विभाग एवं एमआईडीसी के इंजीनियर अंबरनाथ, उल्हासनगर, बदलापुर शहर का पानी बंद रख कर जलवाहिनी का तांत्रिक कार्य करते हैं. ये भी कहा जा रहा है कि जलापूर्ति करने वाली जलवाहिनी पुरानी होने के कारण ये बार-बार टूट रही है. शुक्रवार को अंबरनाथ केबी सड़क के किनारे लादी नाका के पास शहर को जलापूर्ति करने वाली मुख्य जलवाहिनी के वॉल्व में लीकेज होने से जबरदस्त पानी का बहाव होने लगा. लाखों लीटर पानी बह जाने के बाद दुरुस्ती का कार्य तेजी से शुरू होने के बाद बदलापुर से ये खबर मध्य रात्रि को आई कि बदलापुर बैरेज के पास अचानक जलवाहिनी फूटने से अंबरनाथ और आर्डिनेंस इस्टेट का पानी बंद कर दिया गया है. इस जलवाहिनी के टूटने से फव्वारे की तरह लाखों लीटर पानी बहने लगा था. जिसकी वजह से 16 मई शनिवार को सुबह 8 से रात 8 बजे तक अंबरनाथ शहर व आर्डिनेंस फैक्टरी का पानी बंद रहा और अगले दो दिनों जलापूर्ति प्रभावित रहेगी. मजिप्रा उप विभाग अंबरनाथ की ओर से ये घोषणा की गई है.



उल्हास विकास



जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं। - वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## तीन साल से झुलस रहा मणिपुर

मणिपुर तीन साल से हिंसा की आग में झुलस रहा है। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। करीब ढाई सौ से ज्यादा लोग हिंसा में जान गंवा चुके हैं। हजारों लोगों के विस्थापन से राज्य का सामाजिक ताना-बाना टूट-सा गया है। राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों की मौजूदगी के बावजूद आखिर क्या वजह है कि उग्रवादी गतिविधियों पर अंकुश नहीं लग सका है।

बीते बुधवार को उग्रवादियों ने एक बार फिर हमला कर तीन लोगों की हत्या कर दी। कांगपोकपी जिले में अंधाधुंध गोलीबारी में चार नागरिक भी घायल हो गए। इस घटना से नाराज नागरिकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 को बंद कर दिया। गौरतलब है कि यह मार्ग मणिपुर को न केवल नगालैंड से, बल्कि देश के अन्य हिस्सों से भी जोड़ता है। इस समय राज्य में कानून-व्यवस्था की जो स्थिति बनी हुई है, वह बेहद चिंताजनक है। एक बार फिर हुई हिंसा से साबित होता है कि सुरक्षा एजेंसियां सशस्त्र समूहों को नियंत्रित कर पाने में विफल रही हैं। राजनीतिक हस्तक्षेप का भी कोई असर नहीं दिखता। समझौते भी औपचारिक बनकर रह गए हैं।

दरअसल, मणिपुर में शांति बहाली का कोई भी प्रयास इसलिए भी नाकाम हो जाता है, क्योंकि परस्पर विरोधी समूहों को कायदे से अब तक संवाद की मेज पर नहीं लाया जा सका है और न ही शायद इसकी जरूरत महसूस की गई। यही वजह है कि अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे सशस्त्र समूहों में एक-दूसरे के प्रति संदेह और अविश्वास खत्म नहीं हो रहा।

यह निराशाजनक ही है कि जब भी राज्य में थोड़ी-बहुत स्थिति सुधरती दिखाई देती है, कोई न कोई उग्रवादी हमला राज्य को हिंसा की आग में झोंक देता है। सरकार अगर अलग-अलग समुदायों के प्रतिनिधियों को संवाद के लिए राजी करती, तो शायद उनके बीच भरोसा कायम होता। मगर केंद्र से लेकर राज्य सरकारों के भीतर इस मसले पर कोई संजीदगी नहीं दिखती।

आज राज्य में शांति प्रबंधन की नहीं, बल्कि उसे स्थापित करने के लिए सक्रिय होने की जरूरत है। इसके लिए राज्य सरकार और केंद्रीय सुरक्षा बलों को मिलकर काम करना होगा, अन्यथा मणिपुर में लगातार जारी हिंसा के घातक नतीजे सामने आ सकते हैं।

# विमर्श बंगाल को पटरी पर लाने की बारी

पांच दशकों से अधिक समय बाद पूर्वी भारत एक ऐसे मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है, जहां राजनीतिक समन्वय, नीतिगत स्थिरता और आर्थिक संभावनाएं एक साथ आकार ले रही हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार भाजपा अब पूर्वी भारत के चार प्रमुख राज्यों-बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और असम में सत्ता में है और केंद्र में भी उसकी सरकार है।

1974 के बाद यह पहला अवसर है जब पूर्वी भारत में इस प्रकार का राजनीतिक समन्वय देखने को मिल रहा है। पिछली बार ऐसा तब हुआ था, जब देश की राजनीतिक और आर्थिक संरचना बिल्कुल अलग थी। इस परिवर्तन का महत्व केवल चुनावी गणित तक सीमित नहीं है। यह उन रणनीतिक अवसरों का संकेत है, जो लंबे समय से संभावनाओं के बावजूद अपेक्षित विकास से वंचित रहे पूर्वी भारत के लिए निर्णायक सिद्ध हो सकते हैं।

बंगाल में बदलाव सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता के समय बंगाल भारत के सबसे समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से प्रभावशाली क्षेत्रों में गिना जाता था। कोलकाता केवल एक शहर नहीं था, बल्कि व्यापार, विनिर्माण, वित्त, साहित्य, कला और बौद्धिक विमर्श का राष्ट्रीय केंद्र था। बंगाल ने देश को नोबेल पुरस्कार विजेता, उद्योगपति, चिंतक, कलाकार और समाज सुधारक दिए, जिन्होंने आधुनिक भारत की दिशा तय की, लेकिन समय के साथ राज्य अपनी आर्थिक ऊर्जा खोता गया।



सरकारें उद्योग, निवेश और उद्यम के लिए अनुकूल वातावरण तैयार नहीं कर सकीं। उद्योग विरोधी सोच, नीतिगत अनिश्चितता, श्रमिक उग्रवाद और वैचारिक कठोरता ने धीरे-धीरे निवेशकों का विश्वास कम किया। परिणामस्वरूप औद्योगिक गिरावट, पूंजी पलायन और प्रतिभाओं का बड़े पैमाने पर बाहर जाना जारी रहा। 1960-61 में भारत की जीडीपी में बंगाल की हिस्सेदारी लगभग 10.5 प्रतिशत थी, जो आज घटकर लगभग 5.6 प्रतिशत रह गई है। कभी राष्ट्रीय औसत से काफी ऊपर रहने वाली प्रति व्यक्ति आय अब उससे नीचे पहुंच चुकी है।

2011 के बाद 6,600 से अधिक कंपनियां या तो बंद हुईं या राज्य से बाहर चली गईं। यह स्थिति इसलिए दुखद है, क्योंकि बंगाल के पास प्राकृतिक और रणनीतिक शक्तियां हमेशा मौजूद रहीं। उपजाऊ कृषि भूमि, लंबी समुद्री तटरेखा, प्रमुख बंदरगाह, दक्षिण-पूर्व एशिया के निकटता और पूर्वोत्तर भारत का प्रवेश द्वार होने जैसी विशेषताएं किसी भी क्षेत्र को आर्थिक शक्ति बना सकती हैं। बंगाल बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और पूर्वोत्तर भारत के लिए भारत का प्रमुख संपर्क बिंदु है, लेकिन केवल भौगोलिक स्थिति विकास की गारंटी नहीं देती। इसके लिए संस्थागत क्षमता और नीति समन्वय भी उतने ही आवश्यक होते हैं। लंबे समय तक केंद्र और पूर्वी राज्यों के बीच राजनीतिक असमानता के कारण इस क्षेत्र के लिए समग्र विकास रणनीति विकसित नहीं हो सकी। लाजिस्टिक्स कॉरिडोर, पोर्ट आधुनिकीकरण, औद्योगिक क्षेत्र और सीमा व्यापार जैसी परियोजनाएं समन्वय के अभाव में अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकीं। अब यह बाधा काफी हद तक समाप्त होती दिखाई दे रही है। राजनीतिक रूप से समन्वित पूर्वी भारत अब दीर्घकालिक योजना निर्माण की संभावना पैदा करता है। ईस्ट कोस्ट इकोनमिक कॉरिडोर, ताजपुर पोर्ट, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, औद्योगिक विनिर्माण क्लस्टर और एक्ट ईस्ट नीति के साथ गहरे एकीकरण को अब अधिक नीति स्थिरता और तेज क्रियान्वयन मिल सकता है। आर्थिक संभावना अत्यंत व्यापक है। भारत-बांग्लादेश व्यापार का आकार वार्षिक 1.8 लाख करोड़ से अधिक हो चुका है, लेकिन बंगाल अभी भी इसका सीमित लाभ ही प्राप्त कर पाता है। नेपाल और भूटान बंगाल के ट्रांजिट नेटवर्क पर निर्भर हैं, जबकि पूरा पूर्वोत्तर समुद्री संपर्क के लिए इसी क्षेत्र पर आधारित है। कोलकाता और हल्दिया पूर्वी भारत के प्रमुख समुद्री द्वार बने हुए हैं और प्रस्तावित ताजपुर डीप-सी पोर्ट पूरे क्षेत्र की आर्थिक दिशा बदलने की क्षमता रखता है। हालांकि केवल अवसंरचना बंगाल को पुनर्जीवित नहीं कर सकती।





ध्यानाभ्यास, तनाव के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करता है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# आखिर हर साल क्यों बेबस दिखते हैं लोग?

उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान, बारिश और ओलावृष्टि की वजह से जैसे हालात पैदा हुए, उसने एक बार फिर यही दर्शाया कि मौसम की मार से बचाव के लिए एहतियात बरतने से लेकर सटीक पूर्वानुमान को लेकर तकनीकी स्तर पर अभी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। राज्य के कई इलाकों में बुधवार की शाम को तेज आंधी-तूफान, बारिश, बिजली गिरने और ओलावृष्टि एक तरह से कहर बरपा रही थी और आम लोग उसके सामने लाचार थे।

कई जगहों पर तेज हवाओं ने भारी तबाही मचाई। कितनी ही जगहों पर भारी पेड़ उखड़कर वाहनों पर गिर गए और सड़कों के किनारे लगे बोर्ड उड़कर तेज रफ्तार से जमीन पर गिरे। करीब चौबीस घंटों के दौरान करीब सौ लोगों की जान चली गई, जबकि सैकड़ों लोग घायल हो गए। कई जिलों में दो हजार से ज्यादा गांवों में बिजली गुल हो गई। कुदरत के इस कहर के बाद मौसम विभाग ने राज्य के अड़तीस जिलों में आंधी, बारिश और बिजली गिरने की आशंका के मद्देनजर पीली चेतावनी जारी की, लेकिन अफसोस की बात यह है कि पूर्वानुमानों के बावजूद कई बार ऐसे हालात पैदा हो जाते हैं, जिनमें तूफान या बिजली गिरने की घटनाएं आम लोगों पर कहर बनकर टूटती हैं।



जाहिर है, मौसम की अपनी गति होती है और प्रकृति में उथल-पुथल के नतीजे में ऐसे हालात पैदा हो सकते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि अमूमन हर वर्ष अचानक मौसम का रुख बिगड़ने की आशंका के बावजूद आम लोग इससे बचाव के लिए एहतियात नहीं बरत पाते। इसका खमियाजा यह सामने आता है कि जिन हालात में कुछ लोगों की जान बच सकती थी, उसमें नाहक ही कई लोगों की जान चली जाती है।

राज्य में मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर बने चक्रवाती ढांचे और दक्षिण राजस्थान से आ रही हवाओं के प्रभाव से वहां कई जगहों पर अस्सी से सौ किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। नतीजतन, बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान हुआ। कई जगहों पर न केवल घरों की छत उड़ गई, बल्कि लोगों के लिए पांव टिकाना भी मुश्किल था। अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसे मौसम में बचाव को लेकर जरूरी प्रशिक्षण के अभाव का नुकसान आम लोगों को किस स्तर पर उठाना पड़ता है।

संभव है कि पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के साथ-साथ मौसम साफ होने लगे और उसके बाद तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो, लेकिन इसके साथ यह भी सच्चाई है कि साल के इन महीनों में कई बार तेज रफ्तार से चलने वाला तूफान और ओलावृष्टि कई स्तर पर आम लोगों के लिए व्यापक क्षति और खतरे का वाहक बनते हैं।

पिछले कुछ वर्षों से हर बार यह देखा जाता है कि एक ओर तूफान में पेड़ या घर गिरने जैसी घटनाओं की वजह से कई लोग मारे जाते हैं, तो दूसरी ओर घर से लेकर फसलों तक को व्यापक पैमाने पर नुकसान पहुंचता है। इसके अलावा, इस बात का अध्ययन किए जाने की जरूरत है कि हाल के वर्षों में बिजली गिरने की घटनाओं में तेज इजाफा क्यों हुआ है, क्योंकि अकेले इस कारण से भी देश भर में काफी संख्या में लोगों की जान जा रही है। मौसम में तेज उतार-चढ़ाव को रोकना भले ही संभव न हो, लेकिन उससे बचाव के कुछ मामूली उपाय करके जानमाल के नुकसान को कम जरूर किया जा सकता है।

# समंदर के नीचे रहते हैं कार्टून जैसे जीव

जरा हट के

ग्रेट बैरियर रीफ में समंदर के नीचे एक ऐसी मछली मिली है जिसका चेहरा और शरीर हूबहू 'सेसमी स्ट्रीट' के मिस्टर स्नफलपगस जैसा है. इसका चमकीला लाल-नारंगी रंग और शरीर पर मौजूद रेशे इसे बिल्कुल उस जैसा बनाते हैं. मरीन बायोलॉजिस्ट डेविड हरास्ती ने बताया कि एक बार इसे देखने के बाद आप इसकी तुलना करने से खुद को रोक नहीं पाएंगे. इस मछली की समानता इतनी ज्यादा थी कि शो की टीम ने भी इसका नाम स्नफलपगस रखने की मंजूरी दे दी है. जर्नल 'फिश बायोलॉजी' में इसे 'सोलेनोस्टोमस स्नफलपगस' के नाम से दर्ज किया गया है.

इस मछली को खोजने की कहानी किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है. इसकी शुरुआत साल 2001 में पापुआ न्यू गिनी में एक डाइविंग के दौरान हुई थी. डेविड हरास्ती ने तब पहली बार एक अजीबोगरीब जीव को तैरते देखा था. उन्होंने उसकी कुछ तस्वीरें लीं और घर जाकर अपनी हर किताब छान मारी लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला.



डेविड को तब अहसास हुआ कि उन्होंने शायद एक ऐसी प्रजाति देखी है जो विज्ञान के लिए बिल्कुल नई है. इसके बाद कई सालों तक गोताखोरों ने इसे देखने का दावा तो किया लेकिन कोई भी पुख्ता सबूत या सैंपल नहीं जुटा सका. यह तलाश साल 2020 में जाकर खत्म हुई जब ऑस्ट्रेलिया के केर्न्स शहर के पास इसके दोबारा देखे जाने की खबर मिली.

### ग्रेट बैरियर रीफ में कैसे पकड़ी गई यह जादुई मछली?

डेविड हरास्ती और उनके पार्टनर ग्राहम शॉर्ट ने इस मछली को ढूंढने के लिए मिशन शुरू किया. कई दिनों तक ग्रेट बैरियर रीफ के समुद्री शैवालों और मलबे की तलाश करने के बाद आखिरकार उन्हें सफलता मिली. उन्होंने इस प्रजाति के एक नर और एक मादा जोड़े को पकड़ा. गहन रिसर्च के बाद यह कंफर्म हो गया कि यह घोस्ट पाइपफिश की एक पूरी तरह से नई प्रजाति है.

रिसर्चर्स ने इसके नामकरण के लिए 'सेसमी वर्कशॉप' की लीगल टीम से भी बात की. सेसमी वर्कशॉप की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रोजमेरी ट्रुग्लियो ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि साइंस और कल्पना का यह मेल बेहद शानदार है.

# पपीते की टूटी-फ्रूटी

खाना-खजाना

### सामग्री

- कच्चा पपीता: 1 मीडियम साइज
- चीनी: 1.5 से 2 कप
- पानी: 3 कप और पपीता उबालने के लिए अलग से
- फूड कलर: लाल, हरा, पीला
- एसेंस: वनीला या पाइनएप्पल एसेंस की कुछ ड्रॉप्स

### विधि

सबसे पहले कच्चे पपीते को अच्छी तरह धो लें। इसका हरा छिलका थोड़ा गहराई से छीलें। पपीते को बीच से काटें और उसके सारे बीज और अंदर का सफेद जालीदार हिस्सा खुरच कर निकाल दें। अब इसे बिल्कुल छोटे-छोटे और एक जैसे चौकोर टुकड़ों में काट लें। एक बड़े बर्तन में पानी गर्म करें। पानी में उबाल आने पर पपीते के टुकड़े डाल दें। इन्हें 5 से 7 मिनट तक मध्यम आंच पर तब तक उबालें जब तक ये हल्के पारदर्शी न दिखने लगें। ध्यान रहे, हमें इन्हें पूरा नहीं गलाना है, बस थोड़ा नरम करना है। उबलने के बाद एक छलनी से छानकर पपीते का पानी निकाल दें। अब एक पैन में चीनी और 3 कप पानी डालकर गैस पर रखें। इसे तब तक चलाएं जब तक चीनी पानी में पूरी तरह घुल न




जाए। जब चाशनी में उबाल आ जाए, तो उसमें उबले हुए पपीते के टुकड़े डाल दें। अब इसे 10 से 15 मिनट तक धीमी आंच पर ढककर पकाएं। बीच-बीच में चलाते रहें। जब पपीते के टुकड़े चाशनी को अच्छी तरह पी लें और अंदर तक मीठे हो जाएं, तो गैस बंद कर दें। इसी समय इसमें 4-5 बूंदें अपने पसंदीदा एसेंस की मिला दें। पपीते के टुकड़ों को (चाशनी के साथ ही) 3 या 4 अलग-अलग कटोरियों में बराबर-बराबर बांट लें। रंग मिलाने के बाद इन कटोरियों को कम से कम 12 से 24 घंटे के लिए जाली या प्लेट से ढककर छोड़ दें। अगले दिन, पपीते के टुकड़ों को चाशनी में से निकालकर एक छलनी या वायर रैक पर फैला दें, ताकि एक्स्ट्रा चाशनी टपक जाए। इसके बाद इन्हें एक टिश्यू पेपर या सूती कपड़े पर फैलाकर पंखे की हवा में 1 से 2 दिन तक सूखने दें। इन्हें धूप में न सुखाएं, वरना ये बहुत कड़क हो जाएंगे।जब टूटी-फ्रूटी की चिपचिपाहट बिल्कुल खत्म हो जाए और ये छूने में सूखी लगने लगें, तो समझ लीजिए आपकी होममेड टूटी-फ्रूटी बिल्कुल तैयार है।

# पपीते के पत्तों का रस वाकई डेंगू ठीक कर सकता है?

मानसून के मौसम में डेंगू के मामले तेजी से बढ़ने लगते हैं। ऐसे में, बहुत से लोग जल्द ठीक होने की उम्मीद में घरेलू नुस्खों का सहारा लेते हैं, जिनमें पपीते के पत्तों का रस सबसे आम है। लोगों का मानना है कि यह रस प्लेटलेट्स को तेजी से बढ़ाता है और डेंगू को पूरी तरह 'ठीक' कर सकता है, लेकिन क्या विज्ञान भी यही मानता है? मेदांता गुरुग्राम में इंटरनल मेडिसिन की वाइस चेयरमैन **डॉ. सुशीला कटारिया** से इस दावे की सच्चाई जानते हैं।



### डेंगू सिर्फ प्लेटलेट्स घटने की बीमारी नहीं है

डेंगू मच्छरों से फैलने वाला एक वायरल इन्फेक्शन है, जो हल्के बुखार से लेकर जानलेवा बीमारी तक का रूप ले सकता है। अक्सर मरीज और उनके परिवार वाले अपना पूरा ध्यान सिर्फ प्लेटलेट काउंट पर लगा देते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि डेंगू केवल प्लेटलेट्स के बारे में नहीं है। कई बार प्लेटलेट्स के स्थिर होने पर भी मरीज को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। असल में, बीमारी के दौरान प्लेटलेट्स का गिरना और फिर से बढ़ना बीमारी की एक प्राकृतिक प्रक्रिया का हिस्सा है। ज्यादातर मरीजों में, बिना किसी खास इलाज के भी 8 से 10 दिन के अंदर प्लेटलेट्स अपने आप ठीक होने लगते हैं। इसीलिए लगातार निगरानी और सही समय पर डॉक्टरी देखभाल सबसे ज्यादा जरूरी है।

### इलाज में सबसे अहम क्या है?

यह समझना बहुत जरूरी है कि कोई भी घरेलू नुस्खा सही डॉक्टरी इलाज की जगह नहीं ले सकता। डेंगू के मरीजों के लिए घर पर की जाने वाली देखभाल में सबसे अहम भूमिका शरीर में पानी की कमी न होने देना की होती है।

**डेंगू का मुख्य इलाज लक्षणों को कंट्रोल करना है, जिसमें शामिल हैं:**

- पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ लेना।
- भरपूर आराम करना।
- बुखार को कंट्रोल में रखना।
- खतरे के इन संकेतों पर नजर रखना: लगातार उल्टी आना, पेट में दर्द, खून बहना, सांस लेने में तकलीफ या बहुत ज्यादा कमजोरी महसूस होना।
- अगर समय रहते डॉक्टरी मदद मिल जाए, तो गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है और मरीज जल्दी ठीक हो सकता है।

### डेंगू में पपीते के पत्तों का रस पीने के जोखिम

- पपीते के पत्तों का रस बिना सोचे-समझे या बहुत ज्यादा मात्रा में पीना नुकसानदायक भी हो सकता है। घर पर बने इस रस की कोई तय मात्रा या मापदंड नहीं होता है।
- पेट की समस्याएं: इसे ज्यादा पीने से कुछ लोगों में जी मिचलाना, पेट में जलन या एलर्जी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।
- गैस्ट्राइटिस का खतरा: डेंगू के कई मरीजों को बीमारी की वजह से पहले से ही पेट में जलन की शिकायत होती है, और पपीते का गाढ़ा रस इन लक्षणों को और बिगाड़ सकता है।
- सिर्फ पपीते के रस के भरोसे बैठकर खुद अपना इलाज करना और अस्पताल जाने में देरी करना बहुत जोखिम भरा हो सकता है।
- पपीते के पत्तों के रस को ज्यादा से ज्यादा एक 'सपोर्टिव सप्लीमेंट' माना जा सकता है, न कि डेंगू का 'इलाज'।
- वैज्ञानिक इस विषय पर अभी भी शोध कर रहे हैं। फिलहाल, सही समय पर बीमारी की पहचान, पर्याप्त मात्रा में पानी या तरल पदार्थ पीना, लगातार निगरानी और डॉक्टर की देखरेख का कोई विकल्प नहीं है। बिना प्रमाणित नुस्खों पर पूरी तरह निर्भर रहने के बजाय, हमेशा सही स्वास्थ्य देखभाल और गंभीर लक्षणों से बचाव पर ही ध्यान देना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष** : यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा। समय अनुकूल है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। बेरोजगारी के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृषभ** : परिवार के किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जल्दबाजी न करें। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं।

**मिथुन** : आय में वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। यात्रा लाभदायक रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पारिवारिक चिंता रहेगी।

**कर्क** : आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। किसी बड़े काम को करने की तीव्र इच्छा जागृत होगी।

**सिंह** : नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। दुष्टजनों से सावधान रहें। प्रमाद न करें। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें।

**कन्या** : बनते कामों में विघ्न आ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय होगी। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। चोट व दुर्घटना के प्रति सावधानी आवश्यक है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**तुला** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृश्चिक** : स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। समय की अनुकूलता का लाभ लें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। जोखिम न उठाएं। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**धनु** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। रोजगार मिलेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कानूनी अड़चन सामने आएगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेचैनी रहेगी।

**मकर** : मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। मानसिक बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है। विवाद के बढ़ावा न दें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है।

**कुंभ** : व्यापार लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। प्रमाद न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मीन** : उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। बुद्धि का प्रयोग करेंगे। कार्य में सफलता मिलेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। लाभ में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय सुखपूर्वक व्यतीत होगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# पीले, गंदे हो गए हैं मार्बल और टाइल्स

- पानी में ये चीजें डालकर लगाएं पोछा
- मिनटों में चमक उठेगा फर्श

काफी लोगों को अपने घर के किचन, बाथरूम, वॉशरूम, लिविंग रूम में फर्श पर मार्बल और टाइल्स लगवाने का शौक होता है. ये चमचमाते सुंदर से रंग-बिरंगे टाइल्स और मार्बल घर की खूबसूरती बढ़ाते हैं. मार्बल घर को आलीशान और शानदार लुक देता है, लेकिन इनकी साफ-सफाई का ध्यान सही से ना रखा जाए तो ये जल्दी ही काले और गंदे होने लगते हैं. इनकी शाइन, चमक और रंग फीका पड़ जाता है. यदि आपके घर में लगा मार्बल, टाइल्स लगा है और वह पुराना, गंदा सा नजर आने लगा है तो आप तुरंत ही यहां बताए गए कुछ आसान से घरेलू उपायों को ट्राई करके मार्बल को नया सा बना सकते हैं.

### घर में लगे मार्बल साफ करने के तरीके

- यदि आपके घर में मार्बल लगा है तो इसकी साफ-सफाई हर दिन की जानी चाहिए. इसके लिए आप गुनगुने पानी में लाइट लिक्विड सोप डालकर पोछा लगाएं. किचन में प्लेटफॉर्म पर लगे मार्बल को साफ करने के लिए माइक्रोफाइबर कपड़ा या मुलायम पोछा का इस्तेमाल करें. जब साफ कर लें तो एक बार फिर से सूखे और साफ कपड़े से पोछ दें, इससे पानी का दाग नजर नहीं आएगा.
- मार्बल पर पीले या कोई काफी पुराना जिद्दी दाग जमा हुआ है तो इसे हटाने के लिए बेकिंग सोडा और पानी का गाढ़ा पेस्ट बनाकर दाग पर लगाए. इसे 15 मिनट के लिए ऐसे ही रहने दें. अब नर्म कपड़े से हल्के हाथों से दाग को रगड़ें. अब साफ पानी से एक बार पोछ दें और सूखने दें.
- लिविंग रूम या किचन में फर्श पर लगे मार्बल पीले पड़ गए हैं तो इसे हटाने के लिए मार्बल पॉलिश पाउडर या मार्बल शाइनर का इस्तेमाल करें. इसे कॉटन के कपड़े से साफ करें. मार्बल के पीले पन को कम करने के लिए नारियल तेल को कपड़े पर लगा कर हल्के हाथों से रगड़ें. इससे भी चमक आ सकती है.

# करी पत्ते महीनों रहेंगे फ्रिज में फ्रेश

### फॉलो करें ये टिप्स

करी पत्ता खाने के स्वाद और सुगंध को बढ़ाने का काम करता है. इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से कई व्यंजनों में तड़का लगाने के लिए किया जाता है. अधिकतर लोग इसे सांभर, दाल, करी, पोहा, चावल, चटनी आदि में डालते हैं. करी पत्ते का पौधा लोग घर में भी लगाते हैं. लेकिन, जिनके पास अपना करी पत्ते का पौधा नहीं है, वे इसे बाजार से खरीद कर लाते हैं. कई बार अधिक खरीद लेने से ये फ्रिज में पड़े-पड़े सूख जाते हैं. स्वाद खराब हो जाता है. क्या आपका भी करी पत्ता जल्दी सूख जाता है या काला पड़ जाता है? यदि हां, तो करी पत्ते को सही तरीके से स्टोर करने का तरीका यहां जान लें. यहां बताए गए टिप्स के अनुसार, करी पत्ते को स्टोर करेंगे तो ये कई दिनों तक फ्रेश, हरे बने रहेंगे.

### स्टोर करने का सही तरीका

1. फ्रिज में आप करी पत्ते को रखना चाहते हैं तो सबसे पहले इसे अच्छी तरह से पानी से धो लें. सूखे और पीले पत्तों को निकाल दें. अब आप एक एयरटाइट डिब्बा या ज़िप लॉक बैग लें. इसमें टिश्यू पेपर में करी पत्तों को डालकर रखें. पहले एक लेयर में करी पत्ते रखें, फिर इसके ऊपर टिश्यू पेपर रखें. ऐसा करने से नमी कंट्रोल रहती है. इस तरह से स्टोर करने से आराम से करी पत्ते 2 से 3 हफ्ते तक फ्रेश रह सकते हैं.

2. पहले अच्छी तरह से करी पत्ते को पानी से लें. धोने के बाद किसी साफ कपड़े से सभी पत्तों को



पानी से पोछ लें. चाहें तो पेपर या कपड़े पर ही फैला कर हवा में रख दें. इससे पानी सूख जाएगा. नमी रहने से पत्ते जल्दी गलने लगते हैं. अब आप इसे अच्छी क्वालिटी के एयरटाइट कंटेनर में रख दें.

3. फ्रीजर में लंबे समय के लिए करी पत्ते स्टोर करना चाहते हैं तो इसे धोकर सुखा लें. छोटे पैक बना लें. अब एयरटाइट बैग में भरकर फ्रीजर में रखें. इससे दो से तीन महीने तक आसानी से आप इस्तेमाल कर सकते हैं.

4. आप करी पत्ते को धूप में अच्छी तरह से सुखकर पाउडर भी बना सकते हैं. पाउडर का इस्तेमाल भी आप सांभर, ग्रेवी वाली सब्जी, फ्राइड राइस, चटनी आदि में करेंगे तो स्वादिष्ट लगेगा. जब पत्तियां सूखकर कुरकुरी हो जाएं तो इसे मिक्सी में डालकर पीस लें. अब इसे एयरटाइट जार में भरकर रख दें.

### क्या न करें?

- गीले पत्ते फ्रिज में न रखें.
- पत्तों को खुला फ्रिज में ना रखें, इससे ये सूख जाएंगे.
- बहुत ज्यादा ठंडे हिस्से में रखने से पत्ते काले पड़ सकते हैं.
- प्लास्टिक बैग में नमी बंद होने पर फफूंदी लग सकती है.

### कितने दिनों तक रहेंगे फ्रेश

- टिश्यू प्लस एयरटाइट बॉक्स में रखने से ये दो से तीन हफ्ते फ्रेश रहेंगे.
- नॉर्मल तरीके से फ्रिज स्टोरेज से पांच से सात दिनों तक रहेंगे फ्रेश.
- फ्रीजर में रखने से करी पत्ते दो महीने तक फ्रेश रह सकते हैं.
- सूखा पाउडर बनाकर रखने से ये 6 महीने तक फ्रेश रहता है.
- करी पत्ते के डंठल हटाकर स्टोर करने की बजाय पूरे गुच्छे में रखें. इससे पत्तों में नमी कई दिनों तक बनी रहती है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### मां-बेटे समेत 4 की एक साथ जली चिताएं

बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर हुए हादसे में चार मौतों के बाद शव पहुंचने पर कोहराम मच गया। चारों शवों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। चार शव एक साथ निकलने पर लोग अपने आंसू नहीं रोक पाएं। व्यापारी, नगर पंवायत सभासद सहित क्रशर व्यापारी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए लोगों के घर पहुंचनें का सिलसिला दिन भर चलता रहा। परिजनों की चीखों से आस पास के लोग सहम गए। आजमगढ़ के जीयनपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ निवासी रामविनय विश्वकर्मा 25 साल पूर्व परिवार के साथ कबरई शिफ्ट हो गया था और पत्थर उद्योग नगरी में पहली कंप्रेशर मशीन और प्रेशर ट्रैक्टर-ट्राली बनाने का काम शुरु किया था।

### आईटीआई की नाबालिग छात्रा को होटल में ले जाकर रेप, छह महीने से कर रहा था ब्रेनवॉश

**बरेली.** यूपी के बरेली में आईटीआई की पढ़ाई कर रही मिर्जापुर की छात्रा को बिरयानी बेचने वाला समुदाय विशेष का युवक होटल में ले गया और रेप किया। हिन्दू जागरण मंच व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर हंगामा कर दिया और आरोपी को पीटकर पुलिस को सौंप दिया। छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। होटल संचालक पर भी कार्रवाई की जा रही है। जिला मिर्जापुर के कोतवाली चुनार क्षेत्र के गांव की 16 वर्षीय किशोरी दो अन्य सहेलियों के साथ बहेड़ी में किराये के मकान में रहकर राजकीय पॉलिटेक्निक से आईटीआई कर रही है।

### पत्नी से झगड़े के बाद था गुस्सा, नाराजगी में साले की हत्या कर शव को गड्ढे में छिपाया

**सीतापुर.** यूपी के सीतापुर में रामकोट इलाके में जीजा ने साले की गला घोंटकर हत्या कर दी। नहर किनारे गड्ढा खोदकर शव गाड़ दिया। इसके बाद वह अपनी ससुराल आ गया। दो दिन तक परिवार वालों के साथ उसने साले की खोजबीन भी की। शक होने पर सख्ती से हुई पूछताछ में उसने हत्या करने की बात कबूल की। रामकोट पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।रामकोट के मैनासी सरैया निवासी चिंताराम के मुताबिक वह बुधवार को पत्नी अनीता के साथ फर्रुखाबाद स्थित रिश्तेदारी में गए थे। बेटा सूरज कुमार (19) बेटी सुधा और उसका पति रामकोट के ही कप्तान हबीबपुर निवासी रमेश कुमार घर पर थे। गुरुवार को वह घर लौट कर आए एतो बेटा सूरज घर पर नहीं था। उसके बारे में बेटी और दामाद से पूछा पर उसका कुछ पता नहीं चला। रिश्तेदारी व परिचितों के यहां खोजबीन की पर उसका कुछ पता नहीं चला।

# भारत में सूखा-भीषण गर्मी पड़ने की आशंका

- सुपर अल नीनो मई-जुलाई में एक्टिव होने, सर्दी तक रहने की संभावना; इससे मानसून कमजोर पड़ सकता है

**नई दिल्ली.** भारत में इस साल सामान्य से कम बारिश के अनुमान के बीच सुपर अल-नीनो भी एक्टिव हो सकता है। अमेरिकी मौसम एजेंसी 'नेशनल ओशेनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन' (नोआ) के अनुसार यह मई-जुलाई के दौरान ही दस्तक दे सकता है।

नोआ ने बताया कि प्रशांत महासागर का तापमान इस बार मई में सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यह गर्मी की स्थिति इस बार पूरे मानसून सीजन के दौरान बनी रह सकती है। पिछले महीने जारी अनुमान में यह संभावना 61% थी, जो अब बढ़कर 82% हो गई है।

भारतीय मौसम विभाग के चीफ मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि इसका सीधा असर मानसून की बारिश पर पड़ेगा। इससे देश में सूखे का खतरा और ज्यादा बढ़ जाएगा।



#### अल-नीनो क्या होता है

अल नीनो के कारण समुद्र का पानी असमान्य रूप से गर्म हो जाता है, जिसके साथ हवा के पैटर्न में भी बदलाव आता है। इसके असर से दुनियाभर में बारिश का चक्र बिगड़ जाता है। कहीं भयंकर सूखा तो कहीं मूसलाधार बारिश और बाढ़ आती है।

सीधे शब्दों में कहें तो जब अल-नीनो एक्टिव होगा, तब प्रशांत महासागर से भारत की तरफ आने वाली मानसूनी हवाओं को रोक देगा। इससे बारिश पर असर पड़ेगा।

#### अल-नीनो की संभावना 82% बढ़ी, दुनिया पर असर

नोआ के नए अपडेट के मुताबिक इस साल मई से जुलाई के दौरान सुपर अल नीनो डेवलप होने की 82% संभावना है। इसके सर्दियों (दिसंबर 2026 से फरवरी 2027) तक जारी रहने की 96% आशंका है। जबकि, इसके 'स्ट्रॉन्ग' या 'वेरी स्ट्रॉन्ग' रहने की करीब 67% आशंका है। इससे, कमजोर मानसून, सूखे और हीटवेव की आशंका अब ज्यादा हो गई है।

भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में बारिश कम होती है। भीषण गर्मी पड़ती है।

इंडोनेशिया, उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में नमी खत्म होने से सूखा पड़ता है और जंगलों में आग का खतरा बढ़ जाता है।

मध्य प्रशांत क्षेत्र में समुद्र का तापमान बढ़ने से भारी बारिश और चक्रवात की स्थिति बनती है।

# मोदी बोले- ये दुनिया के लिए आपदाओं का दशक

पहले कोरोना, फिर युद्ध, अब ऊर्जा संकट, हालात नहीं बदले तो गरीबी के दलदल में फंसेंगे

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे पर हैं। उन्होंने ने द हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए दुनिया के मौजूदा हालात पर चिंता जताई।

मोदी ने कहा कि आज मानवता के सामने अनेक बड़ी चुनौतियां हैं। पहले कोरोना, फिर युद्ध और अब ऊर्जा संकट से जूझ रही है। ये दशक दुनिया के लिए आपगदाओं का दशक बन गया है। अगर हालात नहीं बदले तो बीते अनेक दशकों के काम पर पानी फिर जाएगा। दुनिया की बहुत बड़ी आबादी गरीबी के दलदल में फंस जाएगी।



1. यूरोप में भारत की एंट्री का गेटवे बनेगा नीदरलैंडः भारतीय बिजनेस के लिए नीदरलैंड यूरोप में एंट्री का नैचुरल गेटवे बनेगा। उन्होंने प्रवासी भारतीयों को दोनों देशों के बीच भरोसेमंद ब्रिज बताया।

2. दुनिया कई संकटों से जूझ रहीः हालात नहीं बदले तो दुनिया की बड़ी आबादी गरीबी की ओर जा सकती है। उन्होंने कोरोना, युद्ध और एनर्जी क्राइसिस पर चिंताई जताई।

3. भारत बना स्टार्टअप हबः भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। देश में 2 लाख से ज्यादा स्टार्टअप हैं।

4. डिजिटल पेमेंट में भारत आगेः भारत में एक साल में 20 बिलियन से ज्यादा UPI ट्रांजेक्शन हुए। दुनिया के आधे डिजिटल ट्रांजेक्शन भारत में हो रहे हैं।

5. चिप भी मेड इन इंडिया होगीः भारत AI और सेमीकंडक्टर सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश में 12 सेमीकंडक्टर प्लांट्स पर काम चल रहा है, जिनमें से 2 में प्रोडक्शन शुरू हो चुका है।

6. 16 मई को खास दिन बतायाः 16 मई खास दिन है क्योंकि इसी दिन 12 साल पहले यानी साल 2014 में भारत में 30 साल बाद पूर्ण बहुमत की सरकार बनी थी।

7. प्रवासी भारतीयों की तारीफः नीदरलैंड में भारतीयों का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि डच नेतृत्व हमेशा भारतीय समुदाय की प्रशंसा करता है।

# HC के फैसले के बाद भोजशाला में हनुमान-चालीसा पाठ हुआ

- मां वाग्देवी की पूजा हुई, श्रद्धालु बोले- सालों बाद बिना रोक-टोक दर्शन हो रहे

**इंदौर.** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने धार स्थित विवादित भोजशाला-कमाल मौला परिसर को राजा भोज के समय का वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर माना है। कोर्ट ने हिंदू पक्ष को यहां पूजा का अधिकार दे दिया है।

फैसले के बाद शनिवार सुबह श्रद्धालुओं और अलग-अलग समितियों के पदाधिकारियों ने शांतिपूर्ण माहौल में भोजशाला पहुंचकर दर्शन और पूजा-अर्चना की। लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया कि हाईकोर्ट ने 7 अप्रैल 2003 के ASI आदेश को आंशिक रूप से निरस्त कर दिया है। इस आदेश में मुस्लिम समुदाय को शुक्रवार को तय अवधि के लिए नमाज की अनुमति दी गई थी। शनिवार सुबह सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच श्रद्धालु और भोज उत्सव समिति के पदाधिकारी परिसर पहुंचे। इनमें संरक्षक विश्वास पांडे, भोजशाला मुक्ति यज्ञ के संयोजक गोपाल शर्मा, श्रीश दुबे, केशव शर्मा और अशोक जैन शामिल थे।

# ममता बोलीं- जो TMC छोड़कर जाना चाहता है जाए

- पार्टी को फिर खड़ा करने की अपील
- कहा- जरूरत पड़ी तो खुद दफ्तर पेंट करूंगी



**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कोलकाता में पार्टी कार्यकर्ताओं से TMC के संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हम पार्टी दफ्तरों को दोबारा खोलेंगे, उन्हें रंगेंगे और मजबूती से काम पर लौटेंगे। जरूरत पड़ी तो मैं खुद भी दफ्तरों को पेंट करने के लिए तैयार हूं।

इसके बाद उन्होंने कहा कि जो लोग दूसरी पार्टियों में जाना चाहते हैं, वे पूरी तरह आजाद हैं और वे किसी को भी जबरदस्ती रोक कर रखने में यकीन नहीं रखतीं। बैठक के दौरान ममता के भतीजे और पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी भी मौजूद थे।

बैठक में ममता ने कहा कि चुनाव के नतीजों में भले ही TMC को 80 सीटें मिली हों, लेकिन यह जनादेश की लूट है। इससे उनका हौसला नहीं टूटेगा। 21 मई को फालता सीट पर होने वाले उपचुनाव के उम्मीदवार भी मौजूद थे। दरअसल, फालता में 29 अप्रैल को वोटिंग हुई थी, लेकिन EVM छेड़खानी के आरोपों के बाद चुनाव आयोग ने वहां दोबारा वोटिंग कराने का फैसला किया। 4 मई को आए 293 सीटों के नतीजों में BJP को 207 सीटें मिली थीं।

#### TMC 31 सीटों के नतीजों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'बंगाल में सीटों पर जीत का अंतर SIR में कटे वोटों से कम मामले में ममता बनर्जी और अन्य लोग नई याचिकाएं दाखिल कर सकते हैं।'
- TMC ने दावा किया कि हालिया विधानसभा चुनाव में 31 सीटों पर जीत का अंतर, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के दौरान हटाए गए वोटों की संख्या से कम था।
- दरअसल, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची की बेंच बंगाल में SIR को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।
- इसी दौरान TMC सांसद और वकील कल्याण बनर्जी ने बागची की उस टिप्पणी का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि अगर जीत का अंतर हटाए गए वोटों से कम है, तो अदालत शिकायतों पर विचार कर सकती है।

# रॉबर्ट वाड्रा को प्री-अरेस्ट बेल

- ED की चार्जशीट पर कोर्ट में पेश हुए; कहा- सरकार के इशारे पर काम करती है एजेंसी

**नई दिल्ली.** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को रॉबर्ट वाड्रा को शिकोहपुर जमीन सौदा केस में प्री-अरेस्ट बेल (नियमित जमानत) दे दी। कोर्ट ने इस मामले में ED की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए वाड्रा को समन किया था। जमानत देते समय कोर्ट ने कोई अतिरिक्त शर्त नहीं रखी है।

सुनवाई के दौरान वाड्रा ने कहा कि ED सरकार के इशारे पर काम करती है और निष्पक्ष नहीं है।



लेकिन मुझे देश की न्यायपालिका पर पूरा विश्वास है।

वहीं, ED के वकील जोहेब हुसैन ने जांच की विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है। उन्होंने अदालत को बताया कि एजेंसी अभी भी कुछ पहलुओं की जांच कर रही है और इसके लिए समय की जरूरत है। इस मामले में अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी।

ED के मुताबिक, वाड्रा की कंपनी ने फरवरी 2008 में ओमकारेश्वर प्रॉपर्टीज से ₹7.5 करोड़ गुरुग्रम के शिकोहपुर में 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। बाद में इसे डीएलएफ को ₹58 करोड़ में बेच दिया गया।

एजेंसी का दावा है कि ये डील मनी लॉन्ड्रिंग का हिस्सा थी। इसी को लेकर वित्तीय लेन-देन की जांच शुरू की गई। जुलाई 2025 में ED ने मामले में FIR की और चार्जशीट में रॉबर्ट वाड्रा का भी नाम डाला।

# पंजाब- बोरवेल से 9 घंटे बाद निकाला बच्चा

- खेलते समय गिरा, 30 फीट नीचे फंसा था

**होशियारपुर.** पंजाब के होशियारपुर में शुक्रवार शाम करीब 4 बजे 30 फीट गहरे बोरवेल में गिरे 4 साल के बच्चे को करीब 9 घंटे बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बाहर निकलने के बाद बच्चा अपनी मां से लिपटकर रोया। NDRF, SDRF, पंजाब पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय निवासियों के सहयोग से यह ऑपरेशन सफल बना।

खेलते हुए बोरवेल में गिरा बच्चा करीब 30 फीट नीचे फंसा था। उसे रात करीब 12:40 बजे बोरवेल से बाहर निकाला और तुरंत मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहां उसी हालत खतरे से बाहर बताई गई। DC आशिका जैन और SSP संदीप कुमार मलिक ने ऑपरेशन का शुरुआत से नेतृत्व किया। बचाव कार्य सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद DC ने बताया कि बच्चे को बचाने के बाद एंबुलेंस में डॉक्टरी टीम के साथ आगे की जांच के लिए अस्पताल भेज दिया गया।

# NEET पेपर लीक केस- पुणे की टीचर गिरफ्तार

- 9वीं गिरफ्तारी
- NTA ने एक्सपर्ट तैनात किया था
- छात्रों को बॉटनी-जूलॉजी के कई सवाल बताए

**पुणे.** CBI ने NEET-UG 2026 पेपर लीक मामले में पुणे की एक और टीचर को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सीनियर बॉटनी टीचर मनिषा गुरुनाथ मांधरे के रूप में की गई है। आरोप है कि उसने परीक्षा से



पहले छात्रों को बॉटनी और जूलॉजी के कई सवाल बताए थे।

छात्रों को बताए गए अधिकांश सवाल 3 मई 2026 को आयोजित NEET परीक्षा के असली प्रश्नपत्र में थे। CBI के मुताबिक मनिषा गुरुनाथ को NTA ने NEET परीक्षा में एक्सपर्ट के तौर पर नियुक्त किया था। उसके पास बॉटनी और जूलॉजी के प्रश्नपत्रों तक पूरी पहुंच थी। जांच एजेंसी के अनुसार अप्रैल 2026 में आरोपी टीचर ने पुणे की ही रहने वाली मनिषा वाघमारे के जरिए NEET अभ्यर्थियों को जुटाया। मनिषा वाघमारे को CBI पहले ही 14 मई को गिरफ्तार कर चुकी है। CBI का दावा है कि मांधरे ने अपने पुणे स्थित घर पर स्पेशल कोचिंग क्लास चलाई। इन क्लास में उन्होंने बॉटनी और जूलॉजी के कई सवाल छात्रों को समझाए, नोटबुक में लिखवाए और किताबों में मार्क करवाए।

CBI ने अब तक इस मामले में दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे और अहिल्यानगर से 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 5 आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 7 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

वहीं, गुरुवार को गिरफ्तार दो अन्य आरोपियों को पुणे कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया है। उन्हें दिल्ली की अदालत में पेश किया जा रहा है।

पिछले 24 घंटे में CBI ने देशभर में 6 स्थानों पर छापेमारी की। कार्रवाई में कई अहम दस्तावेज, लैपटॉप, बैंक स्टेटमेंट और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। एजेंसी अब इनकी फोरेंसिक और डिजिटल जांच कर रही है।

# आसनसोल में पुलिस चौकी में तोड़फोड़-पथराव



- पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी
- लाउडस्पीकर की आवाज कम करने के निर्देश के बाद हंगामा

**आसनसोल.** पश्चिम बंगाल के आसनसोल में लाउडस्पीकर की आवाज कम करने के निर्देश के बाद शुक्रवार रात को तनाव फैल गया। रेलपार इलाके में भीड़ ने पुलिस चौकी में तोड़फोड़ और पथराव किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस प्रशासन ने राज्य सरकार के निर्देश पर आसनसोल के कई हिस्सों में लाउडस्पीकर की आवाज कम रखने को कहा था। इसी सिलसिले में दिन में रेलपार इलाके में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच बातचीत हुई थी।

शाम को बड़ी संख्या में लोग पुलिस चौकी पहुंच गए। भीड़ ने चौकी पर पथराव किया। पुलिस और आम लोगों के वाहनों में तोड़फोड़ की। घटना में कुछ पुलिसकर्मियों को चोट आई है।

#### पैरामिलिट्री फोर्स तैनात

तनाव के बाद इलाके में पैरामिलिट्री फोर्स तैनात की गई है। पुलिस के डिप्टी कमिश्नर वीजी सतीश पसुमार्थी ने कहा- अब स्थिति कंट्रोल में है। CCTV फुटेज की पहचान की जा रही है। घटना में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पश्चिम बंगाल में 'पुलिस वेलफेयर बोर्ड' भंग

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी पद संभालने के बाद से ही ऐक्शन में हैं। प्रशासन में लगातार फेरबदल कर रहे मुख्यमंत्री ने शनिवार को पुलिस वेलफेयर बोर्ड को भंग करने का निर्देश दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस वेलफेयर बोर्ड जिस उद्देश्य के लिए बनाया गया था, वह उसकी पूर्ति करने में असमर्थ रहा है। वह केवल एक पार्टी का फ्रंटल संगठन बन गया है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि 'राज्य में अब तक शासकों का कानून चलता था, अब से कानून का शासन चलेगा।'

# कम्बोज के दो ओवर में लगातार 4-4 सिक्स लगे



- मार्श-पूरन ने कारनामा किया,
- आकाश ने विकेट लेकर पर्ची निकाली

लखनऊ सुपर जाएंट्स ने IPL 2026 के 59वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 7 विकेट से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में लखनऊ ने 188 रन का टारगेट 16.4 ओवर में ही हासिल कर लिया।

मैच में अंशुल कम्बोज के दो अलग-अलग ओवरों में लगातार 4-4 सिक्स लगे। पहले मिचेल मार्श ने पावरप्ले में अंशुल के ओवर में 28 रन बटोरे, फिर निकोलस पूरन ने 17वें ओवर की चारों गेंदों पर सिक्स लगाकर मैच खत्म कर दिया। वहीं, तेज गेंदबाज आकाश सिंह ने 3 विकेट लेने के बाद जेब से पर्ची निकालकर जश्न मनाया।

#### अंशुल ने चेन्नई के लिए दूसरा सबसे महंगा स्पेल फेंका

तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज ने चेन्नई के लिए दूसरा सबसे महंगा स्पेल फेंका। उन्होंने 2.4 ओवर में 63 रन दिए। IPL में तीन या उससे कम ओवर फेंककर 60+ रन देने वाले वह दूसरे गेंदबाज बने। उनसे पहले खलील अहमद ने 2025 में RCB के खिलाफ 3 ओवर में 65 रन दिए थे। अंशुल की 16 में से 11 गेंदों पर चौका या छक्का लगा। यानी उनकी 68.75% गेंदें बाउंड्री के लिए गईं। IPL इतिहास में कम से कम 2 ओवर के स्पेल में इससे खराब बाउंड्री प्रतिशत सिर्फ वॉशिंगटन सुंदर का रहा है, जिनकी 2024 में दिल्ली के खिलाफ 12 में से 10 गेंदों पर बाउंड्री लगी थी। अंशुल ने अपने स्पेल में 8 छक्के भी खाए, जो IPL इतिहास में किसी गेंदबाज द्वारा एक पारी में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा हैं। इससे पहले 2023 में यश दयाल ने KKR के खिलाफ 8 छक्के दिए थे।

#### मार्श ने LSG के लिए इस सीजन लगाए 31 छक्के

मिचेल मार्श IPL 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके नाम अब 31 छक्के हो गए हैं।

LSG के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड निकोलस पूरन के नाम है, जिन्होंने 2025 में 40 छक्के लगाए थे।

#### मार्श-इंग्लिस ने लखनऊ के लिए तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी की

मिचेल मार्श और जोश इंग्लिस ने चेन्नई के खिलाफ 135 रन की साझेदारी की। यह लखनऊ के लिए IPL में किसी भी विकेट के लिए तीसरी सबसे बड़ी पार्टनरशिप है।

LSG के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड क्विंटन डी कॉक और केएल राहुल के नाम है। दोनों ने 2022 में KKR के खिलाफ 210 रन की नाबाद साझेदारी की थी।

# सेना प्रमुख बोले- पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना बंद करे

**उन्हें तय करना होगा कि वे भूगोल का हिस्सा रहना चाहते हैं या इतिहास का**

**नई दिल्ली.** भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि अगर पाकिस्तान लगातार आतंकवादियों को पनाह देता रहा और भारत के खिलाफ आतंकवाद जारी रखा, तो उन्हें खुद यह तय करना होगा कि वे आने वाले समय में भूगोल का हिस्सा बने रहना चाहते हैं या इतिहास का।

दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में 'सेना संवाद' कार्यक्रम में फिर से 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी परिस्थितियां बनने के सवाल का जवाब देते हुए



उन्होंने यह बयान दिया। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान को भारत विरोधी आतंकवादियों को पनाह देना बंद करना होगा।

इससे पहले 12 मई को विदेश मंत्रालय (MEA) ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान चीन के पाकिस्तान को समर्थन देने पर कहा कि आतंकवाद की रक्षा करने वाले देशों को दुनिया देख रही है कि वे खुद को किसके साथ जोड़ रहे हैं। उन्हें इस बात पर विचार करना चाहिए कि ऐसे काम से उनकी प्रतिष्ठा पर क्या प्रभाव पड़ता है।

मंगलवार को विदेश मंत्रालय की प्रेस ब्रीफिंग के दौरान उन रिपोर्ट्स का जिक्र हुआ, जिनमें चीन ने स्वीकार किया था कि उसने मई 2025 के सैन्य संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को तकनीकी मदद दी थी।

# भारत में छिपा है तेल-गैस का विशाल भंडार

- पता लगाने को इन इलाकों में शुरू होगा महाअभियान

**नई दिल्ली.** मिडिल ईस्ट संघर्ष के बाद ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर कड़ा पहरा बिठा दिया है। इसके बाद से इस रूट से कच्चे तेल और एलपीजी गैस की आपूर्ति चरमरा गई है। भारत पर भी इसका खासा असर देखने को मिल रहा है। इस बीच केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। तेल और गैस की जरूरतों को पूरा करने के लिए समुद्र के नीचे छिपे तेल के भंडार का पता लगाने के लिए एक सर्वे अभियान चलाया जाएगा।

सीएनएन न्यूज-18 ने अपनी एक रिपोर्ट में सरकारी दस्तावेजों के हवाले से कहा है कि, भारत सरकार का हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (DGH) बंगाल की खाड़ी में गहरे समुद्र के नीचे छिपे तेल और प्राकृतिक गैस के विशाल भंडारों का पता लगाने के लिए एक व्यापक सर्वेक्षण शुरू करने जा रहा है। मोदी सरकार देश के पूर्वी तट पर एक मल्टी-बेसिन भूगर्भीय सर्वेक्षण की योजना बना रही है। इसके लिए 14 मई 2026 को निविदाएं भी आमंत्रित कर दी गई हैं।

- क्या है यह प्रोजेक्ट और कैसे होगा काम?

तकनीकी भाषा में इस परियोजना को 2D ब्रॉडबैंड मरीन सीस्मिक एंड ग्रेविटी-मैग्नेटिक डेटा एक्विजिशन, प्रोसेसिंग एंड इंटरप्रिटेशन कहा जाता है। आसान भाषा में कहें तो यह समुद्र तल का एक विशाल अंडरग्राउंड स्कैन है। इसके तहत विशेष सर्वेक्षण जहाज समुद्र में अपने पीछे लंबे केबल जैसे उपकरण खींचेंगे। इसे स्ट्रीमर्स कहा जाता है। ये उपकरण समुद्र के नीचे शक्तिशाली ध्वनि तरंगें भेजेंगे और चट्टानों से टकराकर वापस आने वाली गूंज को रिकॉर्ड करेंगे। इस डेटा के आधार पर वैज्ञानिक समुद्र तल के कई किलोमीटर नीचे की विस्तृत तस्वीरें तैयार करेंगे, जिससे तेल और गैस के स्रोतों का पता चलेगा।

- लाखों किमी का दायरा

इस परियोजना का पैमाना बेहद विशाल है, जो अगले दो वर्षों तक चलेगा। बंगाल-पूर्णिया और महानदी बेसिन तक 45,000 लाइन किलोमीटर में सर्वे होगा। इसके अलावा अंडमान बेसिन में 43,000 एलकेएम, कृष्णा-गोदावरी (KG) बेसिन में 43,000 एलकेएम और कावेरी बेसिन में 30,000 एलकेएम में सर्वे होगा।

## संक्षेप...

### युवाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे, माफ़ी मांगें संजय राउत

**ठाणे.** देश के युवाओं का अपमान करने वाले बदमाश सांसद संजय राउत को सबके सामने माफ़ी मांगनी चाहिए, नहीं तो युवा सेना की तरफ से पूरे राज्य में उनके खिलाफ शिवसेना जैसा आंदोलन चलाया जाएगा, यह चेतावनी आज युवा सेना के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्वेश सरनाईक ने दी। ठाणे में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। सरनाईक ने कहा कि राउत को खबरों में बने रहने के लिए इस तरह से बुरा-भला बोलने की आदत है। राउत मंद हो गए हैं और भटक गए हैं, सरनाईक की आलोचना की। सरनाईक ने युवाओं के बारे में राउत की पोस्ट की कड़ी निंदा की। उन्होंने आगे कहा कि राउत ने अपनी ही पार्टी के युवा नेता पर गुस्सा निकालने के लिए महाराष्ट्र और देश के युवाओं पर हमला किया होगा.

# 70 लाख की धोखाधड़ी मामले में डॉक्टर प्रसाद साली की जमानत अर्जी खारिज

- कल्याण सत्र न्यायालय का फैसला
- अदालत बोली- धोखाधड़ी गंभीर अपराध





**कल्याण.** 70 लाख रुपये की कथित धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार ठाणे के हीरानंदानी स्टेट निवासी डॉ. प्रसाद यादवराव साली को अदालत से बड़ा झटका लगा है। कल्याण जिला अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पहले निचली अदालत भी उनकी जमानत अर्जी ठुकरा चुकी थी। शुक्रवार 15 मई को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती परवीन सैय्यद ने मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉ. साली की स्थायी जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी पर 70 लाख रुपये की धोखाधड़ी का गंभीर आरोप है और फिलहाल उन्हें जमानत देने का कोई पर्याप्त आधार नहीं बनता।

मामले में डॉ.प्रसाद साली और उनकी पत्नी वैशाली प्रसाद साली पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। शिकायतकर्ताओं की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट हरीश नायर ने बताया कि वैशाली साली की अग्रिम जमानत याचिका भी पहले ही सेशन कोर्ट से खारिज हो चुकी है। गिरफ्तारी के डर से उन्होंने अब मुंबई हाईकोर्ट का रुख किया है।

जांच अधिकारी सहायक पुलिस निरीक्षक विजय गायकवाड के अनुसार, 13 सितंबर 2025 को डॉ.राहुल दुबे और प्रज्ञा कांबले ने खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि गणेश पाटील और धनश्री गोडांबे के साथ भी कथित तौर पर धोखाधड़ी की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एपीआई विजय गायकवाड ने भी अदालत में जमानत का विरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी। वहीं शिकायतकर्ताओं के वकील एडवोकेट हरीश नायर ने कहा कि इस तरह के बड़े आर्थिक घोटाले देश की आर्थिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जरूरी है, ताकि धोखाधड़ी करने वालों पर लगाम लगाई जा सके।

# एड. वैभव भोईर हुए मनपा प्रभाग समिति-5 सभापति

- महापौर, नगरसेवकों, शुभचिंतकों ने दी बधाई




**भिवंडी.** भिवंडी मनपा प्रभाग समिति 5 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 से पहली बार मनपा सदन के लिए भाजपा से नगरसेवक चुने गए एड वैभव भोईर को मनपा प्रभाग समिति क्रमांक 5 के सभापति पद पर निर्विरोध चुना गया है.उनके निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा मनपा सदन में महापौर नारायण चौधरी,उप महापौर तारिक मोमिन सहित आयुक्त अनमोल सागर की उपस्थिति में पीठासीन अधिकारी द्वारा की गई.नव निर्वाचित मनपा प्रभाग सभापति एड.वैभव भोईर का अभिनंदन पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल, महापौर नारायण चौधरी, सहित पूर्व महापौर विलास आर पाटिल, प्रतिभा विलास पाटिल, मनपा वरिष्ठ पार्षद निलेश चौधरी, सुमित पाटिल, नितेश एनकर सहित तमाम पार्षदों एवं शुभचिंतकों ने पुष्पगुच्छ, शाल प्रदान कर किया. शुभचिंतकों, भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनपा मुख्यालय के बाहर पताखेबाजी और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया.

**दायित्व का ईमानदारी से करेंगे निर्वहन**

तमाम मनपा पार्षदों के सहयोग से निर्विरोध सभापति चयन पर खुशी प्रकट करते हुए नव निर्वाचित सभापति एड वैभव भोईर ने कहा कि, मनपा प्रभाग समिति 5 अंतर्गत एरिया की जन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करेंगे .शहर विकास मुद्दों को ईमानदारी से मनपा सदन में उठाकर सुलझाने का प्रयास होगा . भिवंडी शहर की मूलभूत समस्याओं के समाधान हेतु सबके सहयोग से पारदर्शिता से कार्य करेंगे .



## पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे के हाथों 1,000 कर्मचारियों को रेन कोट का वितरण

**ठाणे.** ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने कुल 1,000 ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों, जिनमें 700 पुलिस अधिकारी और 380 ट्रैफिक वार्डन शामिल हैं, को रेनकोट बांटे. यह प्रोग्राम ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ज्ञानेश्वर चव्हाण के निर्देश पर आयोजित किया गया था। इस बार, वीकोन मूवर्स और खुशलानी स्टोर्स ने इस पहल की पहल की।

# सागर हटकर ने परिवार का सपना पूरा कर किया



**उल्हासनगर।** आर्थिक तंगी और संघर्षों के बीच पले बढ़े अशेले गांव निवासी सागर हटकर ने आखिरकार अपने परिवार का सपना पूरा कर दिखाया है। हटकर परिवार से पहली बार कोई युवक पुलिस विभाग में भर्ती हुआ है। सागर हटकर का चयन मुंबई पुलिस में सिपाही पद पर हुआ है, जिससे पूरे परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। सागर के पिता जगन बाजीराव हटकर मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते हैं, जबकि माता आशा हटकर ने बेटे की सफलता पर भावुक होते हुए कहा कि उनका सपना था कि बेटा पुलिस विभाग में भर्ती होकर जनता की सेवा करे। उन्होंने बताया कि सागर ने कठिन परिस्थितियों में भी कभी मेहनत करना नहीं छोड़ा। पहली बार परीक्षा में असफल होने के बाद भी उसने हार नहीं मानी और दूसरी कोशिश में सफलता हासिल कर ली। घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण सागर ने होमगार्ड में काम करते हुए परिवार की जिम्मेदारियां भी संभाली। परिवार में दो भाई हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद सागर ने अपने लक्ष्य पर ध्यान बनाए रखा और आज अपनी मेहनत से परिवार का नाम रोशन कर दिया। सागर की इस उपलब्धि से अशेले गांव के युवाओं को भी प्रेरणा मिल रही है। हटकर परिवार में बेटे की पुलिस विभाग में नियुक्ति होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर परिवार और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर ढोल ताशों के साथ जुलूस निकालकर खुशियां मनाईं। जगह जगह युवक का स्वागत कर उसे शुभकामनाएं दी गईं। परिवार ने इसे मेहनत और संघर्ष का परिणाम बताया।

# उल्हासनगर की महिला की किम्स हॉस्पिटल में सफल जटिल हृदय वाल्व सर्जरी




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर निवासी 65 वर्षीय श्रीमती राउत पिछले कुछ महीनों से रोजमर्रा के सामान्य काम भी करने में असमर्थ हो रही थीं। कुछ सीढ़ियाँ चढ़ना, आराम से सो पाना या घर के नियमित कार्य करना भी उनके लिए अत्यंत थकाने वाला हो गया था। शुरुआत में इसे उम्र से जुड़ी सामान्य कमजोरी माना गया, लेकिन धीरे-धीरे उनकी स्थिति गंभीर होती गई।

करीब 10 वर्ष पहले श्रीमती राउत ने हृदय की वाल्व संबंधी समस्या के लिए एक प्रक्रिया करवाई थी, जिससे उन्हें उस समय राहत मिली थी। हालांकि समय के साथ उनके लक्षण फिर से बढ़ने लगे। किम्स हॉस्पिटल में भर्ती होने तक उन्हें पैरों में सूजन, अत्यधिक थकान और आराम की स्थिति में भी सांस लेने में कठिनाई होने लगी थी। उन्हें Congestive Heart Failure की समस्या हो गई थी, जिसके कारण शरीर में ऑक्सीजन का स्तर प्रभावित हो रहा था और रक्त में कार्बन डाइऑक्साइड जमा होने लगी थी।

डॉ. बी. सी. कलमठ, डॉ. मानस मेंगर और डॉ. सौम्य शेखर जेनासमंत के नेतृत्व में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा की गई जांच में उन्हें गंभीर माइट्रल वाल्व स्टेनोसिस (Mitral Valve Stenosis) तथा गंभीर पल्मोनरी हाइपरटेंशन होने का निदान हुआ। इस स्थिति में फेफड़ों की धमनियों में रक्तचाप अत्यधिक बढ़ जाता है, जिससे हृदय संबंधी जटिलताओं और सर्जरी के दौरान जोखिम काफी बढ़ जाता है। उनके हृदय की कार्यक्षमता भी काफी कम हो चुकी थी। स्थिति अत्यंत जटिल होने के कारण डॉक्टरों ने पहले उन्हें ICU में स्थिर किया और उसके बाद यह सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत जांच की कि सर्जरी सुरक्षित रूप से की जा सकती है या नहीं। सभी पहलुओं की गहन समीक्षा के बाद मल्टीडिसिप्लिनरी कार्डियक टीम ने सर्जरी को सर्वोत्तम उपचार विकल्प माना। यह सर्जरी डॉ. सौम्य शेखर जेना समंत, कंसल्टेंट – कार्डियक सर्जरी के नेतृत्व में की गई। ओपन हार्ट सर्जरी के दौरान कुछ समय के लिए हृदय को रोका गया और क्षतिग्रस्त माइट्रल वाल्व को टिश्यू वाल्व से बदला गया, साथ ही ट्राइकसपिड वाल्व की भी मरम्मत की गई।

डॉ. सौम्य शेखर जेनासमंत ने कहा, "गंभीर वाल्व विकार और पल्मोनरी हाइपरटेंशन वाले मरीजों में सर्जरी का जोखिम बहुत अधिक होता है। श्रीमती राउत के मामले में समय पर उपचार, विस्तृत योजना और समन्वित चिकित्सा प्रबंधन के कारण सफल परिणाम प्राप्त किया जा सका।"

डॉ. बी. सी. कलमठ, डायरेक्टर – कार्डियक साइंसेज, किम्स हॉस्पिटल ठाणे ने कहा, "ऐसे जटिल हृदय रोग मामलों में पल्मोनरी हाइपरटेंशन और हृदय की समग्र कार्यक्षमता का सटीक मूल्यांकन अत्यंत आवश्यक होता है। मरीज की स्थिति के अनुसार तैयार की गई उपचार रणनीति ने इस चुनौतीपूर्ण स्थिति को सुरक्षित रूप से संभालने में मदद की।"

डॉ. मानस मेंगर, सीनियर कंसल्टेंट – पल्मोनोलॉजी, किम्स हॉस्पिटल ठाणे ने कहा, "गंभीर पल्मोनरी हाइपरटेंशन के कारण फेफड़ों में संक्रमण और श्वसन विफलता का खतरा बढ़ सकता है। उच्च जोखिम वाले हृदय रोगियों में श्वसन चिकित्सा और पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन मरीज की रिकवरी, श्वसन क्षमता और जीवन की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।" सर्जरी के बाद श्रीमती राउत को लगातार निगरानी में रखा गया तथा फिजियोथेरेपी और पोषण संबंधी देखभाल के साथ पुनर्वास उपचार दिया गया। अगले कुछ हफ्तों में उनकी स्थिति में लगातार सुधार हुआ और सर्जरी के 24वें दिन उन्हें स्थिर स्थिति में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

किम्स हॉस्पिटल के रीजनल डायरेक्टर डॉ. सौरभ गुप्ता ने कहा, "जटिल हृदय रोगियों के उपचार में कार्डियोलॉजिस्ट, कार्डियक सर्जन, इंटेंसिविस्ट, एनेस्थेटिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट और नर्सिंग टीम के बीच समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह मामला दर्शाता है कि मल्टीडिसिप्लिनरी उपचार पद्धति के माध्यम से उच्च जोखिम वाले वृद्ध मरीजों में भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।" आज श्रीमती राउत की स्थिति में काफी सुधार है और वे एक बार फिर अपने परिवार के साथ सक्रिय और आरामदायक जीवन की ओर लौट रही हैं — जो कुछ समय पहले तक उनके लिए असंभव प्रतीत हो रहा था।

# रणबीर कपूर ने अयोध्या में 3.31 करोड़ की जमीन खरीदी

- 'रामायण' में निभाएंगे भगवान राम का रोल
- अमिताभ ने भी किया था निवेश



एक्टर रणबीर कपूर ने अयोध्या के रियल एस्टेट प्रोजेक्ट 'द सरयू' में जमीन खरीदी है। यह प्रोजेक्ट द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा (HoABL) का प्रीमियम प्लॉटेड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट है।

न्यूज एजेंसी ANI ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि कंपनी की आधिकारिक घोषणा के अनुसार, यह डील 3.31 करोड़ रुपए में हुई है। खरीदी गई जमीन का कुल क्षेत्रफल 2,134 वर्ग फीट है।

अमिताभ बच्चन के बाद 'द सरयू' में निवेश करने वाले रणबीर कपूर दूसरे बड़े एक्टर बने हैं। 'द सरयू' 75 एकड़ में फैला प्रोजेक्ट है, जो सरयू नदी के किनारे स्थित है। इस प्रोजेक्ट में ग्रैंड क्लब हाउस, 35 से ज्यादा लाइफस्टाइल सुविधाएं और द लीला होटल्स का पांच एकड़ में बनने वाला शुद्ध शाकाहारी लग्जरी होटल शामिल है।

### रणबीर बोले- अयोध्या ने मुझे चुना

रणबीर ने बयान में कहा कि उन्हें लगता है कि अयोध्या ने उन्हें चुना है। उन्होंने कहा कि अयोध्या भारत के इतिहास और सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा है और 'द सरयू' में यह जमीन उनके परिवार की विरासत का हिस्सा बनेगी।

HoABL के चेयरमैन अभिनंदन लोढ़ा ने कहा कि अयोध्या सांस्कृतिक और आर्थिक पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर, टूरिज्म और दुनिया भर का ध्यान खींचने की वजह से शहर में लंबे समय तक विकास की संभावना है।

उन्होंने कहा कि रणबीर कपूर का इन्वेस्टमेंट दिखाता है कि खरीदार अयोध्या को न केवल इमोशनली बल्कि भविष्य के नजरिए से भी एक महत्वपूर्ण इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में देख रहे हैं।

# एक्सपायर फ़ूड प्रोडक्ट की बिक्री का भंडाफोड़



**कल्याण:** एक्सपायर हुई खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाली टोली को कल्याण क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर तकरीबन 27 लाख का माल जब्त किया है। कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी अब्दुलकरीम खान और बीरबल यादव को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के सहायक पुलिस निरीक्षक सर्जेराव पाटील को मिली गुप्ता सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने कल्याण के पुराना मछली बाजार स्थित हिना मिनी बाजार दुकान पर छापा मारा। दुकान में मोसैक वेलनेस कंपनी द्वारा बनाए गए फूड प्रोडक्ट की एक्सपायरी डेट खत्म हो चुकी थी। प्रोडक्ट पर पुरानी एक्सपायरी डेट का स्टिकर निकालकर फर्जी तारीख का लेबल लगाया था। फिर पुलिस ने दुकान मालिक अब्दुलकरीम खान को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ में अब्दुल ने भिवंडी के वेंडर बीरबल यादव का नाम बताया जिससे एक्सपायर हुआ माल खरीदा था। इसके बाद भिवंडी स्थित गोडाउन पर छापेमारी कर भारी मात्रा में मोसैक वेलनेस कंपनी का एक्सपायर हुआ माल बरामद किया गया। इनमें पीनट बटर, पास्ता, चोको क्रंच अन्य कई विटामिनपुरक खाद्य पदार्थ शामिल है।

## मानखुर्द में नए जेल प्रोजेक्ट को मिली रफ्तार

महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में प्रस्तावित नए कारागार प्रोजेक्ट के लिए बड़ा कदम उठाते हुए मानखुर्द इलाके में 11 एकड़ अतिक्रमण-मुक्त जमीन जेल विभाग को सौंप दी है। इस परियोजना को मुंबई की बढ़ती जेल क्षमता समस्या के समाधान की दिशा में अहम माना जा रहा है।

**S.S.T. COLLEGE OF ARTS & COMMERCE, ULHASNAGAR**
(Minority – Permanently Unaided Institution)
**RECRUITMENT**
A.Y. 2026–27
Applications invited for the following posts:

| Sr. No. | Post | Subject/Details | Vacancies |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal | — | 01 |
| 2. | Asst. Professor | BK, SP, OC, Hindi, Commerce, Management, IT, Computer Science, Mass Media, Mathematics, Economics, History, English & Politics | 08 FT, 05 CHB |
| 3 | Librarian | — | 01 |
| 4 | Registrar | Experience in educational institution preferred | 01 |
| 5 | Admin Officer | — | 01 |
| 6 | Admin Staff | Experience in educational institution preferred | 04 |
| 7 | Accountant | Experience in educational institution preferred | 01 |
| 8 | Sci./Comp. Lab Attendant | Experience in educational institution preferred | 03 |
| 9 | Technical Staff | Knowledge of DTP, CorelDRAW, Video Editing preferred | 02 |
| 10 | Peon | — | 04 |
| 11 | Housekeeping | — | 04 |

Apply with Resume & Letter of Interest to:
The Secretary, S.S.T. College, Morya Nagri, Ulhasnagar–421004
OR Email: career@sstcollege.net | Apply within 7 days of publication.

## आम सूचना

मैं श्री राजेंद्र दगडू खंडागले सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, श्रीराम नगर, भंगी पाड़ा, उल्हासनगर- 4 (टैक्स नं. 45सीओ010259200) उक्त प्रॉपर्टी श्री रविंद्र दगडू खंडागले व श्रीमती शीतल अमोल जोशी के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट 2.5.2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री राजेंद्र दगडू खंडागले**

## आम सूचना

मैं श्री अनिल कुमार गुप्ता सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, गजानन नगर, गणेश कॉलोनी, रुम नं. डी-4, अपर फ्लोर, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 41सीआय020494200) उक्त प्रॉपर्टी श्री अविनाश संजय आव्हाड के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 8.5.2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अनिल कुमार गुप्ता**

## आम सूचना

मैं श्री एम. फिरोज आलम मनुल्ला शेख सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप, सोप फैक्ट्री के सामने, स्वामी शांति प्रकाश स्कूल के पीछे, दुर्गा पाड़ा, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 57डीओ020276100) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजकुमार रामकिशोर चौरसिया के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 11.5.2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री एम. फिरोज आलम मनुल्ला शेख**

## आम सूचना

मैं सिकिलकुमार दिलीपकुमार साह सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम नं. 27, अपर फ्लोर, चाल नं. 12, आकाश कालोनी, वसार गांव रोड, लाईट आफीस के पास, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 55डीओ012913000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती अनिकिताकुमारी राजीव रंजनकुमारी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 15.5.2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**सिकिलकुमार दिलीपकुमार साह**

## आम सूचना

मैं श्रीमती मीराबाई शिवकुमार रोहड़ा सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 201, दूसरा माला, रीजेंसी गैलेक्सी, बैरक नं. 1720 के सामने, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 53डीआय019630400) उक्त प्रॉपर्टी श्री सुनील हरीलाल इसरानी व श्रीमती अनू सुनील इसरानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 21.4.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती मीराबाई शिवकुमार रोहड़ा**

## आम सूचना

मैं श्री मोहम्मद गुलशेर रमजान आलम सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, गीता कालोनी, वीटी ग्राऊंड के पीछे, तरे चाल के पास, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 44सीओ012712700) उक्त प्रॉपर्टी श्री रमजान केदू खान के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 9.5.2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मोहम्मद गुलशेर रमजान आलम**

## आम सूचना

मैं श्री सर्वेश विलास राजे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, आरके इंडस्ट्रीज के पास, मराठा सेक्शन, बैरक नं. 1424, सेक्शन 32, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 41सीआय009476100) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुनिता विठ्ठल राणे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 14.5.2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सर्वेश विलास राजे**

## आम सूचना

मैं श्रीमती वृशाली रामकृष्णा मयेकर अल्यास वृशाली परशुराम गोवेकर सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, बैरक नं. 1346 के पास, मराठा सेक्शन, उल्हासनगर- 4 (टैक्स नं. 42सीओ009586700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती प्रभावती परशुराम गोवेकर व श्रीमती जयश्री जयंत पेंडनेकर अल्यास जयश्री परशुराम गोवेकर के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 9.5.2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती वृशाली रामकृष्णा मयेकर**
**अल्यास वृशाली परशुराम गोवेकर**

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099